अमर उजाला
बरेली
शनिवार, 8 अप्रैल 2023
वैशाख कृष्ण-द्वितीया
विक्रम संवत-2080

Page No. 07 : Middle

अंडर-19 क्रिकेट के ट्रायल कल

बरेली। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-19 बालक वर्ग के ट्रायल नौ अप्रैल को एसआरएमएस मैदान पर सुबह नौ बजे से कराए जाएंगे। इस दौरान अंडर-19 बरेली क्रिकेट टीम बनाई जाएगी। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि इस बार सिर्फ पंजीकृत खिलाड़ी ही ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मैदान पर कोई नई एंट्री नहीं ली जाएगी। संवाद

एसआरएमएस ने अपने नाम की ट्रॉफी

हर्ष राणा को चुना गया सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस स्टेडियम में खेली जा रही श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। आर्मी मस्टेलियंस की टीम उपविजेता रही।

फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्मी मस्टेलियंस की टीम 110 रन पर ही सिमट गई। एसआरएमएस के शुभम मिश्रा ने तीन, हृदेश, अर्पित और हर्ष राणा ने दो-दो विकेट लिए। एसआरएमएस की टीम ने 17.1 ओवर में तीन विकेट खोकर 114 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम किया। हर्ष राणा ने छह चौकों की मदद से 35 रन बनाए। कप्तान अनंत भटनागर ने 31 रन का योगदान दिया।

विजेजा ट्रॉफी के साथ एसआरएमएस की टीम। *विज्ञप्ति*

मुख्य अतिथि सीडीओ जग प्रवेश, एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव व बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट व मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हर्ष राणा को दिया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज वली खां, सचिव सीताराम सक्सेना, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. अनुज कुमार उपस्थित रहे।